एक नजर इधर भी

वैश्य समाज का दीपावली मिलन समारोह नौ नवंबर को

सर्व वैश्य समाज समिति की रविवार को मारवाड़ी समाज भवन में बैठक आहुत की गयी। इसमें आगामी नौ नवंबर को नाटी इमली स्थित गणेश मंडपम में आयोजित होने वाले दीपावली मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गयी। पदाधिकारियों ने समारोह को भव्य बनाने



और समाज के अधिकाधिक परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष आर.के. चौधरी ने कहा कि दीपावली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। समारोह का उद्देश्य वैश्य समाज के विभिन्न घटकों को एक मंच पर लाना है। महामंत्री दीपक कुमार बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में माता लक्ष्मी के प्रसाद स्वरूप सिक्का और माता अन्नपूर्णा के प्रसाद स्वरूप धान का लावा वितरित किया जाएगा। लकी ड्रॉ में रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन, वाशिंग मशीन सहित सांत्वना पुरस्कार भी दिये जाएंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, आतिशबाजी और भंडारा प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। बैठक में कन्हैया गुप्ता, सत्यनारायण सेठ, अरविंद जायसवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विजय जायसवाल, कृष्ण कुमार काबरा, सौरभ गुप्ता, हेमदेव अग्रवाल, अनुज डीडवानिया, दीपक तोदी, अनूप गुप्ता और पुरुषोत्तम जालान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आदर्श रामलीला समिति की विजयदशमी से शुरू होगी रामलीला

चोलापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा ताड़ी, में सोमवार को आदर्श रामलीला समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में २० अक्टूबर से आयोजित होने वाले भव्य श्री रामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान आयोजन की व्यवस्था, सुरक्षा, मंच सज्जा, कलाकारों की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के संयोजक अमरनाथ पाल, अध्यक्ष डाक्टर सुभाष चंद्र पटेल, उपाध्यक्ष अनिल पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ. रमेश पटेल, मंत्री रामसूरत पटेल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

ईएसआईसीएमएच का निर्माण शीघ्र करायें शुरू-डॉक्टर मनसुख मांडविया

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने पिंडरा में राज्य कर्मचारी बीमा निगम हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज (ईएसआईसीएमएच) लिए आवंटित भूमि से अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया है।उन्होंने (ईएसआईसीएमएच) अधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने बीती रात लगभग 10 बजे (ईएसआईसीएमएच) का औचक निरीक्षण किया था।इसके बाद 11 अक्टूबर को डीन डॉक्टर संजय केसकर ने उप चिकित्सा अधीक्षक,संयुक्त निदेशक और उप निदेशक के साथ सर्किट हाउस में उनसे मुलाकात की।इस दौरान मंत्री ने (ईएसआईसीएमएच) की प्रगति और पिंडरा में आवंटित भूमि पर प्रस्तावित निर्माण की जानकारी ली।मांडविया ने जिलाधिकारी को मेडिकल कॉलेज की भूमि से अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं,डीन को ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के क्षेत्रीय निदेशक से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने को कहा। मुलाकात के दौरान डीन ने पुष्पगुच्छ और दुशाला भेंट कर मंत्री का अभिवादन किया।

अग्रसेन जयंती पर संकल्प ने किया शोभायात्रा का स्वागत

महाराज श्री अग्रसेन जयंती पर संकल्प संस्था ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के सामने महाराज श्री अग्रसेन के तैलचित्र पर माल्यार्पण, आरती और फल-मिष्ठान का भोग



अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं के बीच जलसेवा भी की गई। संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने 'एक ईंट, एक रुपया' सिद्धांत को सामाजिक समानता, सहयोग और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता का आह्वान किया। स्वागत में संतोष अग्रवाल (आढ़त वाले), हरे कृष्ण अग्रवाल, भूपेंद्र जैन, संजय अग्रवाल गिरिराज, हरीश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल (कर्णघंटा), पंकज अग्रवाल (ब्रह्माघाट), अनिल बंसल, सुमित अग्रवाल, श्रीमोहन अग्रवाल, पवन अग्रवाल चैतन्यश्री, राकेश जी (हुण्डीवाले), लव अग्रवाल और राजेश सोराकुआं शामिल रहे।

सीआरपीएफ में असिस्टेन्ट कमान्डेन्ड पद पर चयन होने से तारापुर टिकरी में जश्न का माहौल

लंका थाना क्षेत्र के तारापुर टिकरी निवासी योगेश कुमार सिंह का सीआरपीएफ में असिस्टेन्ट कमांडेन्ट के पद पर चयन होने पर गांव में जश्न का माहौल रहा द्य सोमवार कोयोगेश गाँव मे पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाडे के साथ स्वागत किया और खुशी का इज़हार किया। गांव वाले तथा मित्र गण योगेश के दिल्ली से दीनदयाल स्टेशन आने पर स्वागत



किया तथा खुली कार में लेकर गाँव पहुंचेथे मध्यमवर्गीय परिवार के रहने वाले योगेश कुमार सिंह ने बताया सीआरपीएफ में २०११ में नियुक्ति हुई । इसके बाद २०१६ में परीक्षा देकर उपनिरीक्षक बने। इसके बाद प्रमोसन से निरीक्षक के बाद - जम्बू-कस्मीर, केवरा कमान्डो युनिट में झारखण्ड, दिल्ली संसद भवन सुरक्षा के बाद वीआईपी सुरक्षा में तैनात रहे ।सहायक कमांडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण करने के बाद गांव आये है दैनिंग के बाद पदभार ग्रहण करेंगे। स्वागत करने वालो में योगेश के पिता अशोक कुमार सिंह रमाकान्त सिंह (मिन्द्र) पूर्व लारे प्रमुख काशी विद्यापीठ, विष्णू कान्त अवनीश सिंह (जूस) सी.ए. अभिषेबू पाण्डेय पुस्कर नारायण सिंह भुकेश यादव सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

१७ पुड़िया हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

लालपुर-पांडेयपुर पुलिस ने एढ़े कांशीराम आवास के पीछे रविवार की रात में छापेमारी कर विकास पटेल को गिरफ्तार कर १७ पुड़िया हेरोइन चार सौ ३० रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने ११ अक्टूबर की रात करीब सवा नौ बजे मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पकड़ा गया विकास पटेल हाशिमपुर, लालपुर का निवासी है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपित के खिलाफ पहले से तीन के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं।

जयकारे के साथ मां ब्रह्मचारिणी देवी का भक्तों ने किया दर्शन

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को दुर्गाघाट स्थित मां ब्रह्मचारिणी देवी जी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। भोर में ही मंदिर के बाहर दर्शनार्थियों के इकट्ठा होने का क्रम शुरू हो गया था। घंटा-घड़ियाल एवं शंख ध्वनि के बीच भोर की



आरती होने के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही कतारबद्ध खड़े भक्तों ने मां के जयकारे के साथ मंदिर में प्रवेश कर मां को नारियल-चुनरी, सिंदूर, फल-मिष्ठान अर्पित कर दर्शन-पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी देवी की उपासना से भक्तों के समस्त कार्य सरल हो जाते हैं। इस अवसर पर मंदिर के आस-पास माला-फूल और पूजा सामग्री की अस्थायी स्टाल लगे थे। दर्शनार्थियों की भीड़ के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गयी थी।

सीताकी बिरह में दुखी श्रीराम ने सुग्रीव को मारने की दी धमकी

लक्ष्मण से कहा कि वह राज पाकर हमें भूल गया है जिस तरह बालि को मारा हूं उसी तरह उसे भी मारूंगा, उसके बाद उन्होंने वानरों को सीता की खोज में लगाया

रामनगर। सीता के बिरह में दुखी श्रीराम का अपने मित्र पर से ही भरोसा उठ गया। उन्होंने उसको भी बालि की तरह मारने की धमकी दे डाली। जब इस बात का पता सुग्रीव को चला तो वह भागकर उनके पास पहुंचे और उनसे क्षमा याचना किया। उसके बाद उन्होंने वानरों को सीता की खोज में लगाया। उन्होंने वानरों की एक-एक टुकड़ी सभी दिशाओं में भेजी। उन्होंने उनको एक पखवारे का समय दिया कि अगर इसके अंदर सीता का पता लगाकर जो नहीं आएगा वह उनके हाथों मारा जाएगा। नल नील,अंगद हनुमान और जामवंत को उन्होंने दक्षिण दिशा में भेजा। जाते समय श्रीराम ने हनुमान को अपनी मुदरी देते हुए कहा कि सीता का पता लगाकर जल्दी वापस आना। तो वहीं दूसरी ओर इससे पूर्व उन्होंने सुग्रीव को बालि से लड़ने के लिए भेजा। जिस पर वह उसके द्वारा पर पहुंचकर युद्ध के लिए ललकारने लगा। यह देखकर उसकी पत्नी तारा ने कहा कि वह जिससे मिले हैं वह काल को भी जीतने वाले हैं। यह सुनकर उसने उससे कहा कि राम जी सभी को बराबर दृष्टि से देखते हैं। दोनों भाइयों में घमासान युद्ध हुआ बालि ने सुग्रीव की दुर्दशा कर दी। जिसके बाद वह भाग खड़ा हुआ। जब वह राम के पास



पहुंचा तो उन्होंने कहा कि तुम दोनों भाइयों का एक समान रूप देखकर मैं दुविधा में पड़ गया। उन्होंने उसके गले में एक माला पहनाया और उसे फिर से युद्ध के लिए भेजा। सुग्रीव फिर उससे युद्ध करने के लिए पहुंचा तो दोनों भाइयों में फिर घमासान युद्ध शुरू हुआ। जब सुग्रीव हारने लगा तो राम ने पेड़ की आड़ से बाण चलाकर उसका वध कर दिया। जिससे बालि भूमि पर गिर पड़ा। वह अपने आगे श्रीराम को देखकर उनसे कहने लगा कि आपने किस कारण मुझे मारा है। जिस पर उन्होंने बताया कि भाई की स्त्री, बहन, बहू और बेटी यह सब एक समान होती है। इन पर बुरी दृष्टि डालने वाले को मारने में कोई पाप नहीं है। वह उनके चरणों में अंगद को सौंपकर अपना प्राण त्याग दिया। उसकी मौत का समाचार पाकर उसकी पत्नी तारा विकल होकर पहुंची और रोने लगी। जिसे देखकर राम ने उसके मोह को हर लिया और अपनी भक्ति दे दी। जिसे पाकर वह चली गयी। श्रीराम ने सुग्रीव को भेजकर उसका अंतिम संस्कार कराया और उसके बाद उसे की किष्किंधा का राजा बना दिया। उन्होंने प्रवर्षण पर्वत पर सुंदर स्थान देखकर वहां निवास किया। वर्षा काल में बरसते बादलों को देखकर उन्होंने लक्ष्मण से उसका वर्णन किया। जब वर्षा ऋतु बीतने के बाद शरद ऋतु आयी और सीता का कोई पता नहीं चला तो वे सुग्रीव पर क्रोधित हो उठे। उन्होंने कहा कि जिस बाण से बालि को मारा था उसी से उसको भी मारूंगा। वह राजपद पाकर हमें भूल गया है। जिस पर सुग्रीव की क्षमा याचना करने और वानरों को सीता की खोज में लगाने के बाद उनका क्रोध ठंडा हुआ। हनुमान को रास्ते में दिव्यगंधा की पुत्री स्वयंप्रभा मिली जो उनको एक गुफा के बाहर खड़े होकर अपनी आंख बंद करने के लिये कहा। ऐसा करते ही सभी समुद्र के किनारे पहुंच गये। उधर वानर सीता की खबर न मिलने से भयभीत हो गये। तभी जटायु का भाई सम्पाती मिला उसने सौ योजन देखकर हनुमान को बताया कि वह लंका में अशोक वाटिका में बैठी सोच रही है। सभी वहां तक पहुंचने का उपाय सोचने लगे। जामवंत ने हनुमान को उनका बल याद दिलाया। वे समुद्र पार करने के लिए उन्हें उपाय बताने लगे। इसके उपरांत भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।

काशी जोन में छापेमारी, १३७ किलोग्राम प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद, नौ गिरफ्तार

एसीपी ने दशाश्वमेध, चौक और लक्सा में पतंग की दुकानों को खंगाला, छापेमारी से दुकानदारों में हड़कम्प

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत शहर के



विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गयी छापेमारी के तहत काशी जोन में एडीसीपी काशी जोन के नेतृत्व में कोतवाली सहित कई थाना क्षेत्रों से १३७ कि.ग्राम प्रतिबंधित मांझा बरामद कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीपी डाक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी और थाना प्रभारी वीके शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों में पतंग एवं मंझे की दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। कारवाई के दौरान पुलिस ने दशाश्वमेध, चौक और लक्सा थाना क्षेत्रों की दुकानों में रखे पतंग और मंझे के स्टाक व बंडलों की गहनता से जांच-पड़ताल की गयी। लेकिन दुकानों से मंझा नहीं बरामद हुआ। वही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी मंझा मिलने पर सख्त काररवाई की जायेगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अम्बियामंडी में चेंकिग के दौरान दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल १३७ किलो ग्राम प्रतिबंधित अवैध मंझा बरामद किया गया। जिसमें कुल नौ लोग पकड़े गये हैं।

चाइनिज मंझे से कारोबारी की हुई मौत से क्षुब्ध अधिवक्ताओंने डी एम पोर्टिको में जमकर किया धरना-प्रदर्शन, एसीएम तृतीय को ज्ञापन सौंपा

बनारस बार के पूर्व महामत्री नित्यानन्द राय व गौतम झा के नेतृत्व में अधिवक्ता दोपहर दो बजे डी एम पोर्टिको पहुचे उनके हाथो मे तख्ती थे जिसपर स्लोगन लिखे हुये थे टुट न जाये सासो की डोर सावधान काशी के लोग,सुनील कुमार नागपुरी अमर रहे, सुनील कुमार नागपुरी के हत्यारो को



फासी दो फासी दो! अधिवक्ताओ नेचाइनिज मंझे के खिलाफ जमकर नारे लगाये। प्रमुख वक्ता नित्यानन्द राय ने कहा कि चाइनिज मंझे के अवैध खरीद फरोख्त पर लगाम नही लगाने पर शासन प्रशासन की जितनी लानतमलानत की जाय कम है! आरोप लगाया कि २०२० से अबतक चार मौते हो चुकी है मगर प्रशासन चेत नही रहा है तीन बजे के करीब ए सी एम तृतीय विजय कुमार त्रिवेदी ने धरनास्थल पर आकर पांच पेज का ज्ञापन लिया ज्ञापन मे सुनील कुमार नागपुरी, कृतिका जो तीस अगस्त २०२० को चाइनिज मंझे से मृत्यु को प्राप्त हुयी थी समेत सभी मृतको को एक एक करोड घायलो को पचास हजार से दो लाख छतिपुर्ती प्रदान करने की शासन से मांग की गयी है साथ ही चाइनिज मंझे के रोकथाम के लिये जवाबदेही तय करते हये मंझे की रोकथाम कर पाने मे असफल अधिकारियो को दण्डित करने की भी मांग की गयी है धरना प्रदर्शन में नित्यानन्द राय व गौतम झा ,सेन्ट्रल बार के पुर्व महामंत्री सुरेन्द्र पांडे ,पुर्व अध्यक्ष मुरलीधर सिंह के अलावा मनीष कुमार सिंह लड्डु, राजेश कुमार सिंह, राजेश कुशवाहा, रोहित कुमार मौर्य, अभय सिंह, मोहित सिंह, शशीकांत दुबे, विजय शंकर यादव, जगदीश नारायण, अंकित पाण्डेय ,देवेन्द्र सिंह देव, प्रहलाद तिवारी समेत सैकडो अधिवक्ता शामिल रहे।

चाइनीज मांझे के विरोध में प्रदर्शन करते सयुस कार्यकर्ता

प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने और इसके कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर समाजवादी युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आगामी मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के मद्देनजर बाजारों में नायलान, प्लास्टिक और कांच की परत वाले मांझे की बिक्री पर चिंता जताते हुए थोक विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर प्रतिबंधित मांझा जब्त करने की मांग की गयी। राहुल गुप्ता ने ज्ञापन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रतिबंधों के बावजूद दुकानों पर मांझा बेचा जा



रहा है। मांझा से मानव और पक्षियों की जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले वर्ष तीन बाइक सवार के गला कटा और ५० पक्षियों की मौत की घटनाएं हुई थी। वही चाइनीज मांझा विद्युत तारों में ओझरा के आपूर्ति बाधित होता रहता है। मंत्री डाक्टर रचना अग्रवाल, अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय के अध्यक्ष बल्लभ दास अग्रवाल, प्रबंधक पंकज अग्रवाल, सह प्रबंधक दिनेश कुमार अग्रवाल 'डोरी वाले' तथा भंडार मंत्री मनीष अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। आयोजन में समाज की एकजुटता और महाराज अग्रसेन के आदर्शों के प्रति श्रद्धा देखने को मिली।

लोहता में नहीं मान रहे आदेश, नवरात्र में दो दिन खुली रहीं मांस-मछली की दुकानें

लोहता। लोहता का स्थानीय बाजार अब नगर निगम का हिस्सा है, बावजूद इसके यहां नगर निगम के आदेशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। शारदीय नवरात्र के दौरान नगर निगम प्रशासन ने शनिवार को फरमान जारी किया था कि नवरात्रि अवधि में शहर भर में मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहेंगी। लेकिन लोहता में इस आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। रविवार को भी नवरात्र के पहले दिन लोहता बाजार समेत धमरिया, रहीमपुर, इस्लामपुर कस्बों में सुबह से शाम तक मांस-मछली की दुकानें खुली रहीं। सोमवार को भी यही हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के उच्च अधिकारी भी इसी मार्ग से आते-जाते हैं, लेकिन आंख मूंदकर चले जाते हैं, कोई कारवाई नहीं होती।

काशीकी रामलीला



१३ अक्तूबर, मंगलवार

रामनगर :- हनुमान जी का सिन्धु पार-गमन, श्रीजानकी दर्शन, लंका दहन, श्री पदाम्बुज-समागम। **औरंगाबाद :-** जयन्त नेत्र भंग, अत्रिमिलन, सीता-अनुसूइया संवाद। **गायघाट :-** जयन्त नेत्र भंग, पंचवटी निवास। **लाटभैरव :-** जयन्त नेत्र भंग, अत्रि मिलन, अनुसूइया संवाद, विराध वध, पंचवटी निवास। **मौनी बाबा :-** श्री भरत विदाई, नन्दीग्राम की झांकी। **लल्लापुरा :-** राम राज्याभिषेक की तैयारी, कोपभवन, वनगमन। **काशीपुरा :-** भरत सभा, जनक सभा। **जयरामपुर :-** धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद। **टेकुरी :-** फुलवारी, अष्टसखी संवाद। **रोहनिया :-** दशरथ सभा, कैकेयी कोपभवन, राम वनगमन। **भदैनी :-** जयन्त नेत्रभंग, अत्रि समागम, विराध वध, सरभंग देहत्याग। **चिरईगांव :-** क्षीरसागर की झांकी, नारद मोह, श्रीराम जन्म। **कोरौता बाजार :-** श्रीराम जन्म। **लोहता :-** नक्कटैया, सीताहरण। **अमावर काजीसराय :-** मुकुट पूजा।

